उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ।
संख्या-195/214/चार/आयोग/2021
लखनऊ दिनांक- 21 नवम्बर, 2024

## आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या- 05-परीक्षा/2022, मुख्य सेविका मुख्य परीक्षा- (प्रा0अ0प0-2021)/05 द्वारा निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन मुख्य सेविका के सीधी भर्ती के रिक्त कुल 2693 पदों पर चयन हेतु दिनांक- 03-08-2022 से 24-08-2022 तक भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। प्रश्नगत विज्ञापन के अन्तर्गत लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक- 24-09-2023 को कराया गया था।

उक्त विज्ञापन में कुल विज्ञापित 2693 पदों में लम्बवत आरक्षण के अन्तर्गत अनारक्षित श्रेणी हेतु 1079 पद, अनुसूचित जाति हेतु 565 पद, अनुसूचित जनजाति हेतु 53 पद, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 727 पद तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों हेतु 269 पद विज्ञापित किये गये थे। प्रश्नगत विज्ञापन में क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के आश्रित हेतु 53 पद, दिव्यांगजन हेतु 107 पद, सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक हेतु 134 पद तथा उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु 53 पद विज्ञापित किये गये थे। मुख्य सेविका के पद पर नियुक्ति हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र हैं एवं दिव्यांगजन हेतु मात्र बी0, एल0वी0, डी0, एच0एच0, तथा डीडब्ल्0 श्रेणियां चिन्हांकित हैं।

उल्लेखनीय है कि उक्त विज्ञापन के सापेक्ष मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में योजित रिट याचिका संख्या-12924/2022, अनीता सिंह तथा अन्य प्रति यूनियन ऑफ इण्डिया तथा अन्य योजित की गयी है, जिसमें मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक- 13-11-2024 को पारित आदेश के अनुपालन में पूर्व में विज्ञापित कुल 2693 पदों में से 126 पदों को रिक्त रखने के उपरान्त अवशेष 2567 पदों पर चयन की कार्यवाही की जानी है। निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या- 561/बा0वि0प0रि0/अधि0-2/2024-25, दिनांक- 18-11-2024 द्वारा उपलब्ध कराये गये अवशेष 2567 पदों के सापेक्ष लम्बवत एवं क्षैतिज आरक्षित पदों का विवरण निम्नवत है-

**अवशेष रिक्त 2567 पदों का लम्बवत आरक्षणवार विवरण**

| अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (E.W.S) | कुल पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1027 | 540 | 51 | 693 | 256 | 2567 |

**अवशेष रिक्त 2567 पदों के सापेक्ष क्षैतिज आरक्षणवार विवरण**

| स्व0 संग्राम सेनानी के आश्रित | दिव्यांगजन | | | | | महिला | सैन्य वियोजित/ भूतपूर्व सैनिक | उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | (क) दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टिहीनता | (ख) बधिर एवं श्रवण शक्ति में ह्रास | (ग) प्रमस्तिष्कीय अंगघात , ,उपचारित कुष्ठ एसिड , बौनापन आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण सहित चलन क्रिया सम्बन्धी नि:शक्तता | (घ) स्वपरायणता, बौद्धिक, नि:शक्तता, विशिष्ट अधिगम नि:शक्तता और मानसिक अस्वस्थता | (ङ) खण्ड (क) से (घ) के अधीन आने वाले व्यक्तियों में से बहु नि:शक्तता, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक नि:शक्तता के लिए अभिज्ञानित पदों में बधिर-अंधता सम्मिलित है | | | |
| 51 | 34 | 34 | 34 | 00 | 00 | केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र हैं। | 128 | 51 |

उपर्युक्त के दृष्टिगत प्रश्नगत विज्ञापन के सापेक्ष आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या- 05-परीक्षा/2022, मुख्य सेविका मुख्य परीक्षा- (प्रा0अ0प0-2021)/05 के प्रस्तर-4 (सारणी-1) तथा प्रस्तर-5 (सारणी-2) को उपर्युक्तानुसार संशोधित समझा जाय।

21/11/2024

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।